(क) और (ख) : जी, नहीं। घरेलू गैस के कम उत्पादन के कारण गैस आधारित विद्युत संयंत्रों को आबंटन के लिए कोई अतिरिक्त गैस उपलब्ध नहीं है।

(ग) : जी, नहीं। विद्युत मंत्रालय ने गुजरात राज्य में भावी विद्युत परियोजनाओं अर्थात जीएसपीसी पीपावाव पावर कम्पनी लिमिटेड, जीएसईजी विस्तार परियोजनाएं और धुवरन सीसीपीपी-III के लिए सुनिश्चित आधार पर गैस का आबंटन नहीं किया है।

(घ) : गुजरात राज्य सरकार/गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) ने वर्तमान संयंत्रों द्वारा महसूस की जा रही कमियों को पूरा करने और नए संयंत्रों के लिए गैस की आवश्यकता को भी पूरा करने के लिए गैस के आबंटन का अनुरोध किया है। तथापि, घरेलू गैस की कम उपलब्धता के कारण गुजरात परियोजनाओं सहित किसी भी विद्युत संयंत्र को अब तक कोई अतिरिक्त आबंटन नहीं किया जा सका है।

इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय/केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने 2015-16 तक किसी नए घरेलू गैस आधारित विद्युत संयंत्र की आयोग्या न करने के लिए सभी विकासकर्ताओं को परामर्शिका जारी की है क्योंकि इसकी उपलब्धता की कोई निश्चितता नहीं है।

(ङ) : जीयूवीएनएल की गैस के संयोग्य/विपथन के अनुरोध को सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3245.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

आन्ध्र प्रदेश को अतिरिक्त बिजली जारी करना

3245. श्रीमती टी॰ रत्नाबाईः
श्री मोहम्मद अली खानः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एन॰ टी॰ पी॰ सी॰) के झज्जर स्थित संयंत्र से 500 मेगावाट सहित लगभग 231 मेगावाट अतिरिक्त बिजली जारी किए जाने का अनुरोध किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कमी को पूरा करने के लिए इस वर्ष आन्ध्र प्रदेश सरकार को जारी की गई बिजली की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख) : आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिनांक 07 जुलाई, 2012 के अपने पत्र के द्वारा नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन, झज्जर पावर स्टेशन से 231 मेगावाट के अतिरिक्त विद्युत के आबंटन के लिए अनुरोध किया था। विद्युत मंत्रालय ने 01 दिसंबर, 2012 से 31 मई, 2013 तक झज्जर पावर स्टेशन से 181 मेगावाट का आबंटन किया है। आंध्र प्रदेश को 500 मेगावाट विद्युत के आबंटन के लिए दिनांक 16 जुलाई, 2012 को एक दूसरा पत्र प्राप्त हुआ है। विद्युत मंत्रालय ने 31 मई, 2013 तक आंध्र प्रदेश को पूर्वी क्षेत्र के एनटीपीसी स्टेशनों से 100 मेगावाट विद्युत का आबंटन किया है।

वर्तमान में आंध्र प्रदेश को केंद्रीय उत्पादन स्टेशनों (सीजीएस) से कुल विद्युत का आबंटन 3675 मेगावाट है जोकि कुल क्षेत्रीय आबंटन का 32.3% है और जिसमें वास्तविक हिस्से के रूप में 3099 मेगावाट, दक्षिणी क्षेत्र के सीजीएस में अनावंटित हिस्सा 295 मेगावाट, पूर्वी क्षेत्र के एनटीपीसी स्टेशनों का अनावंटित हिस्सा 100 मेगावाट और झज्जर पावर स्टेशन से दिल्ली सरकार द्वारा सरेंडर किया गया वास्तविक हिस्सा 181 मेगावाट शामिल है।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3246.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

ओडिशा में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत परियोजनाओं की स्थिति

3246. श्रीमती रेणुबाला प्रधानः
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आर॰जी॰जी॰वी॰वाई॰) के तहत राज्यों के निधीयन पैटर्न को फिर से तैयार करने जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ओडीशा में अब तक आर॰ जी॰ जी॰वी॰ वाई॰ के तहत विभिन्न परियोजनाओं की उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसके कार्यान्वयन में विलम्ब के क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख) : सरकार ने 12वीं योजना में निधि की उपलब्धता के अनुसार शेष बचे गांवों/वासस्थलों को कवर करने के लिए आरजीजीवीवाई को जारी रखने का प्रस्ताव किया है। वित्तपोषण की पद्धति सहित स्कीम के ब्यौरे को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

(ग) : आरजीजीवीवाई के अंतर्गत ओडिशा में 14,715 गैर/निर्विद्युतीकृत गांवों (यूईवी), 29,324 आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांवों (पीईवी) के विद्युतीकरण और 30,46,184 गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) घरों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन जारी करने के लिए 32 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई थी। दिनांक 31.03.2013 के अनुसार, 14,345 यूईवी और 24,671 पीईवी में विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है और 28,26,140 बीपीएल घरों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। ओडिशा राज्य में यूई/पीई गांवों के विद्युतीकरण की कवरेज और उपलब्धियों तथा बीपीएल घरों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन जारी करने का परियोजना-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) : ओडिशा में आरजीजीवीवाई की प्रगति कुछ परियोजनाओं में निम्नलिखित कारणों से प्रभावित हुई हैः-

(i) राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित वे-बिलों और लेबर परमिटों को उपलब्ध करवाने में देरी।

(ii) कुछ जिलों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बाधा।

(iii) वन संस्वीकृति में देरी।

*****

अनुबंध

राज्य सभा में दिनांक 23.04.2013 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3246 के भाग (ग) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

*****

ओडिशा राज्य में आरजीजीवीवाई के अंतर्गत गांवों के विद्युतीकरण और बीपीएल घरों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन जारी करने की परियोजना-वार कवरेज एवं उपलब्धियां

क्रम सं.	*जिले का नाम*	*कवरेज*			*संचयी उपलब्धि (31.03.2013)*		
		गैर-विद्युतीकृत गांव (यूईवी)	आंशिक रूप से विद्युतीकृत गांव (पीईवी)	बीपीएल घर	यूईवी	पीईवी	बीपीएल घर
10 वीं योजना							
1	अंगुल	533	1032	98636	538	1008	98636
2	नयागढ़	542	873	88071	542	868	88071
3	गजपति	647	665	52003	647	665	52012
4	गंजम	454	1738	112200	454	1381	110650
	उप जोड़	2176	4308	350910	2181	3922	349369
11 वीं योजना							
1	बौध	638	412	63921	581	293	46655
2	गंजम(पूरक)		604	56926		423	37079
3	कंधमाल	1409	418	71035	1409	418	69901
4	पुरी	53	1244	45000	53	954	45000
5	रायगढ़	1388	607	114415	1350	597	89776
6	बलंगीर	450	1329	160000	449	991	159937
7	बारागढ़	100	1073	127000	100	898	126636
8	देवोगढ़	308	344	30119	308	339	30119
9	ढेंकनाल	228	809	94079	228	604	92041
10	झारसुगुडा	37	305	21000	37	297	21000
11	कालाहांडी	915	912	156000	915	372	150921
12	क्योंझर	825	1157	160000	825	585	158908
13	कोरापुट	974	579	176000	970	135	175959
14	नुआपाड़ा	167	372	49383	169	84	48622
15	संबलपुर	410	766	56599	410	757	56599
16	बालासोर	106	2433	133555	104	2437	127589
17	भद्रक	288	951	75210	288	939	70682
18	कटक	147	1648	136488	140	1497	107725
19	जगतसिंहपुर	96	1103	111451	95	1024	58299
20	जाजपुर(सेस्को)		171	11467		169	11664
21	जाजपुर(नेस्को)	93	1266	128110	90	1246	118377
22	केंद्रपाड़ा	203	1175	77408	187	1037	74110

23	**खुर्दा**	83	1260	76456	78	1216	73913
24	**मलकानगिरि**	686	154	54731	592	145	55441
25	**मयूरभंज**	1677	2022	238721	1542	1596	219344
26	**नवरंगपुर**	488	331	104413	480	328	93785
27	**सोनपुर**	309	549	59064	303	539	57389
28	**सुंदरगढ़**	461	1022	106723	461	829	99300
28	**उपजोड़**	12539	25016	2695274	12164	20749	2476771
32	**कुल जोड़**	14715	29324	3046184	14345	24671	2826140

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3247.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

झारखंड में बिजली की कमी

3247. श्री परिमल नथवानीः
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झारखंड में बिजली की कितनी कमी है;

(ख) क्या झारखंड उच्च न्यायालय ने इस संबंध में राज्य सरकार को कोई निदेश दिए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार राज्य में बिजली की कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार को सहायता प्रदान करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और(ख)- झारखंड में वर्ष 2012-13 (अप्रैल, 2012 से मार्च, 2013 तक) के दौरान ऊर्जा और व्यस्ततम से संबंधित विद्युत कमी क्रमशः 289 एम.यू. (4.1%) और 92 मेगावाट (7.7%) थी जो कि 8.7% और 9% की अखिल भारतीय विद्युत की कमी से न्यूनतम है ।

(ख)और(ग)- हाल ही में न तो भारत सरकार को उच्च न्यायालय, झारखंड से कोई निर्देश प्राप्त हुए हैं और न ही केंद्र सरकार को इसकी कोई सूचना झारखंड सरकार द्वारा दी गई है ।

(घ)और(ङ)- दिनांक 31.3.2013 की स्थिति के अनुसार केंद्रीय उत्पादन स्टेशनों से झारखंड को विद्युत का आबंटन 562 मेगावाट है ।

12वीं योजना के दौरान चालू की जाने वाली संभावित परियोजनाओं से झारखंड को 1,374 मेगावाट का लाभ मिलेगा । इसमें से 294 मेगावाट को केंद्रीय उत्पादन स्टेशनों के साथ साझा किया जाएगा ।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3248.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए समेकित ऊर्जा नीति

3248. श्री सी॰ एम॰ रमेशः
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार को बारहवीं पंचवर्षीय योजना में दो लाख करोड़ रुपयों की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो सरकार की किस तरह से संसाधन जुटाने की योजना है;

(ग) देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए समेकित ऊर्जा नीति बनाने के संबंध में मंत्रालय क्या प्रयास कर रहा है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं और क्या मंत्रालय सभी विद्युत परियोजनाओं के लिए केंद्रीकृत स्वीकृति प्रणाली अपनाने पर विचार कर रहा है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख) : योजना आयोग द्वारा तैयार किए गए 12वीं योजना दस्तावेज के अनुसार, 12वीं योजना के दौरान विद्युत क्षेत्र के लिए 15,01,666 करोड़ रूपये (वर्तमान मूल्य पर) के निवेश का अनुमान लगाया गया है, जिसमें से केन्द्रीय, राज्य तथा निजी क्षेत्र में क्रमशः 4,40,796 करोड़ रूपये, 3,47,043 करोड़ रूपये तथा 7,13,827 करोड़ रूपये के निवेश का आकलन किया गया है ।

12वीं योजना दस्तावेज के अनुसार, बारहवीं योजना में अवसंरचना में अनुमानित निवेश केवल तभी संभव होगा यदि निजी निवेश में पर्याप्त बढ़ोतरी के अतिरिक्त, सार्वजनिक क्षेत्र की आंतरिक उत्पादन तथा अतिरिक्त-बजटीय संसाधनों में पर्याप्त विस्तार हो ।

(ग) : देश में विद्युत के संदर्भ में ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सरकार सभी संभव प्रयास कर रही है जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं :-

- नवीकरणीय ऊर्जा सहित विभिन्न ऊर्जा स्रोतों के मिश्रण का उपयोग करते हुए विद्युत उत्पादन के माध्यम से विद्युत की निर्धारित मांग को पूरा करके ।
- ईंधन आपूर्ति की कमी को पूरा करने के लिए ईंधन का आयात किया जा रहा है जबकि आधुनिक खनन प्रौद्योगिकी को अपनाने सहित विभिन्न उपायों के द्वारा घरेलू आपूर्ति को बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं ।
- पुराने एवं पुराने हो गए संयंत्रों से सुधरी हुई विद्युत आपूर्ति और बेहतर उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए, पुराने विद्युत संयंत्रों का नवीकरण एवं आधुनिकीकरण और जीवन-विस्तार किए जाने पर बल दिया जा रहा है ।
- ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए माँग पक्ष प्रबंधन और ऊर्जा कुशलता जैसे उपाय भी कार्यान्वित किए जा रहे हैं ।
- परस्पर लाभ के लिए पड़ोसी देश भूटान को जल विद्युत संभाव्यता के विकास में सहायता करना।

(घ) : उन जल विद्युत स्कीमों को छोड़कर, जिनमें केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को प्रस्तुत समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक पूँजीगत व्यय वाली जल विद्युत स्कीमों को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 8 के अंतर्गत उसके द्वारा सहमति प्रदान की जाती है, उत्पादन केन्द्र की स्थापना के लिए विद्युत मंत्रालय या सीईए की किसी स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होती है । जल विद्युत परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान जल विद्युत स्कीम की सहमति में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्लयूसी), भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण (जीएसआई), जल संसाधन मंत्रालय (एमओडब्ल्यूआर), केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधान केन्द्र (सीएसएमआरएस), संबंधित राज्य सरकार तथा परियोजना विकासकर्ता के विभिन्न संघटन शामिल होते हैं । सीईए ने इस उद्देश्य से, सचिव, सीईए के कार्यालय के अंतर्गत 'एकल खिड़की स्वीकृति' प्रणाली पहले ही स्थापित कर ली है ।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3249.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

मध्य प्रदेश में बिजली संकट

3249. डा॰ नजमा ए॰ हेपतुल्लाः

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य प्रदेश सहित कुछ राज्य गंभीर बिजली संकट से जूझ रहे हैं;

(ख) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से राज्य को पर्याप्त बिजली आवंटित करने का अनुरोध किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) : देश में सभी राज्यों में विद्युत की समग्र कमी है । मध्य प्रदेश सहित अधिकांश राज्यों में व्यस्ततम विद्युत और ऊर्जा दोनों के संबंध में विद्युत की कमी है । यह कमी विद्युत की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करते हुए राज्य दर राज्य, माह दर माह, दिन प्रति दिन और घण्टे दर घण्टे के आधार पर अलग-अलग होती है । वित्तीय वर्ष 2012-13 में, राष्ट्रीय औसत आधार पर ऊर्जा की कमी 8.7% थी और व्यस्ततम कमी 9% थीऔर मध्य प्रदेश में ऊर्जा और व्यस्ततम कमी क्रमशः 9.7% और 6.1% थी ।

(ख) और (ग) : मध्य प्रदेश सरकार से विद्युत के आबंटन के लिए हाल ही में कोई भी अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है ।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3250.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

कृष्णा बेसिन में गोलपल्ली जल–विद्युत परियोजना

3250. श्री बसावाराज पाटिलः
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि कृष्णाबेसिन स्थित गोलपल्ली जल–विद्युत परियोजना की 1500 मेगावाट से 3500 मेगावाट तक उत्पादन की क्षमता है; और

(ख) बिजली समस्या से निपटने के लिए अधिक किफ़ायती और सस्ते उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख) : केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) में उपलब्ध सूचना के अनुसार, कृष्णा बेसिन में गोलपल्ली जल विद्युत परियोजना के नाम से कोई भी जल विद्युत योजना चिन्हित नहीं की गई है। कृष्णा बेसिन में 1500 मेगावाट से 3500 मेगावाट की क्षमता वाली गोलपल्ली जल विद्युत परियोजना की कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सीईए में परीक्षाधीन नहीं है।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3251.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

बिहार में विद्युत क्षेत्र को कोयले की कम उपलब्धता

3251. डा. अनिल कुमार साहनीः
क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि विद्युत क्षेत्र को कोयले की कम उपलब्धता के कारण बिहार को विद्युत की आपूर्ति बाधित हो गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी कारण क्या हैं; और

(ग) बिहार में विद्युत की आपूर्ति में बाधा को दूर करने हेतु कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख) : विद्युत क्षेत्र के लिए वर्ष 2012-13 में कोयला आपूर्ति की उपलब्धता वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 99% रही है । तथापि, जहां तक बिहार को विद्युत आपूर्ति करने वाले विद्युत स्टेशनों को कोयले की आपूर्ति का संबंध है, यह बताया जाना है कि बिहार को विद्युत की आपूर्ति मुख्य रूप में एनटीपीसी के चिन्हित केन्द्रीय उत्पादन स्टेशनों से होती है जिनके पास संबंधित कोयला खानों से कम आपूर्ति थी और एनटीपीसी द्वारा कोयले का आयात भी कम था ।

(ग) : विद्युत संयंत्रों को पर्याप्त कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं :-

(i) प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 1 फरवरी, 2013 को हुई बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित निर्णय लिए गए थे :-

- सीआईएल विद्युत संयंत्रों के साथ ईंधन आपूर्ति करार (एफएसए) हस्ताक्षर करेगा, जिन्होंने डिस्कामों के साथ दीर्घावधि विद्युत क्रय करार (पीपीए) किए हैं और जो 31 मार्च, 2015 को चालू होने वाली है अथवा उससे पूर्व चालू हो जाएंगी ।
- एफएसए पर गैर प्रोत्साहन के लिए 80% लेवी और प्रोत्साहन के लिए 90% के ट्रिगर लेवल के साथ 20 वर्षों की अवधि के लिए आश्वासन पत्र (एलओए) में उल्लिखित कोयले की पूरी मात्रा के लिए हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

(ii) कोयला मंत्रालय से कोयला उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोयला कंपनियों पर जोर देने को अनुरोध किया गया है ताकि विद्युत संयंत्रों की माँगों को पूरा किया जा सके ।

(iii) विद्युत यूटिलिटियों को स्वदेशी कोयले की माँग एवं उपलब्धता के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए कोयले के आयात की सलाह दी जा रही है ।

(iv) विद्यमान खानों से कैप्टिव कोयला ब्लॉक के आबंटियों द्वारा कोयले के उत्पादन को बढ़ाने और नए कोयला ब्लाक को तेजी से चालू किए जाने पर बल ।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3252.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

तमिलनाडु को अतिरिक्त विद्युत का आवंटन

3252. श्री ए॰ ए॰ जिन्नाः
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्य सरकारों से विद्युत की कमी को पूरा करने हेतु केन्द्रीय विद्युत के उत्पादन केन्द्रों द्वारा पैदा की जा रही विद्युत के अनावंटित हिस्से से अतिरिक्त विद्युत के आवंटन हेतु अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने तमिलनाडु को अधिशेष बिजली वाले राज्यों से विद्युत की आपूर्ति में बाधा पैदा कर रही गलिपारा संकुलता (कन्जेस्चन) को दूर करने हेतु कदम उठाये हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) और (ख) : तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों से विद्युत की कमी को पूरा करने के लिए केन्द्रीय उत्पादन स्टेशन अतिरिक्त विद्युत के आबंटन के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं । वर्ष 2012-2013 के दौरान विभिन्न राज्यों से सीईए में प्राप्त अनुरोधों के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए है ।

(ग) और (घ) : सरकार ने कोरीडोर संकुलन सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाए है जिसकी बजट से अधिशेष राज्यों से तमिलनाडु राज्य को विद्युत की आपूर्ति में बाधा हो रही है ।

कोरीडोर संकुलन को कम करने के लिए एनईडब्ल्यू ग्रिड और एसआर ग्रिड के बीच अन्तर्क्षेत्रीय संपर्कों और एसआर के भीतर अन्तर्क्षेत्रीय संपर्कों की आयोजना की गई है जो निष्पादन के विभिन्न चरणों में है। इन पारेषण संपर्कों के ब्यौरे निम्नानुसार है :-

1. अन्तर -क्षेत्रीय लाइनें :

(i) राईचुर - शोलापुर 765 केवी की दो सिंगल सर्किट लाइनें ।

(ii) कोल्हापुर (नई) - नरेन्द्र 765 केवी की डबल सर्किट लाइन ।

(iii) वर्धा - हैदराबाद 765 केवी की डबल सर्किट लाइन ।

(iv) अंगुल - श्रीककुल्लम - वेमागिरी 765 केवी की डबल सर्किट लाइन ।

2. दक्षिणी क्षेत्र के भीतर अन्तर-राज्यीय पारेषण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण :

(i) विजयवाड़ा - नेल्लोर (आ.प्र.) - तिरूवलम 400 केवी की डबल सर्किट लाइन ।

(ii) चित्तूर - तिरूवलम 400 केवी की डबल सर्किट लाइन ।

(iii) कुरनुल - तिरूवलम 765 केवी डबल सर्किट लाइन ।

(iv) मधुगिरी - सलेम पुलिंग प्वाइंट 765 केवी सिंगल सर्किट लाइन ।

(v) सोमनाहल्ली - सलेम (नई) 400 केवी डबल सर्किट लाइन ।

(vi) तिरूवलम में कोलार की लूप-इन-लूप-आउट - एस.पी.बुदुर 400 केवी सिंगल सर्किट लाइन।

(vii) होसुर में सलेम की लूप-इन-लूप-आउट - सोमनाहल्ली 400 केवी की सिंगल सर्किट लाइन।

(viii) मैसूर - कोजीकोड 400 केवी डबल सर्किट लाइन ।

*****

अनुबंध

क्रम सं.	राज्य	अनुरोधों के ब्यौरे	माँग का विवरण
1.	जम्मू एवं कश्मीर	दिनांक 14.08.2012 का अर्ध.शा. पत्र संख्या पीडीडी-iv/33/2008	शीतकालीन जरूरतों का पूरा करने हेतु थर्मल स्टेशनों से प्रत्येक वर्ष अक्टूवर से मार्च तक 500 मेगावाट का आबंटन ।
2.	जम्मू एवं कश्मीर	दिनांक 11.02..2013 का अर्ध.शा.पत्र संख्या पीडीडी-iv /19/2005	16.01.2013 से 28.02.2013 तक दुलहस्ती एचपीएस के बन्द करने की योजना के परिप्रेक्ष्य में अनाबंटित कोटा से 90 मेगावाट विद्युत
3.	तमिलनाडु	मई, 2012	1000 मेगावाट
4.	आंध्र प्रदेश	जुलाई, 2012	500 मेगावाट
5.	कर्नाटक	अगस्त, 2012	300-500 मेगावाट
6.	केरल	जनवरी, 2013	कायमकुलम के साथ 100 मेगावाट पुलिंग पावर
7.	आंध्र प्रदेश	जनवरी, 2013	कुडनकुलम से 300 मेगावाट, एनएलसी-II (विस्तार) 75 मेगावाट, एसआर/यू/ए 500 मेगावाट,
8.	तमिलनाडु	फरवरी, 2013	अनिर्धारित
9.	आंध्र प्रदेश	मार्च, 2013	281.17 मेगावाट मई, 2014 तक जारी
10.	केरल	मार्च, 2013	362.34 मेगावाट मई, 2014 तक जारी
11.	आंध्र प्रदेश	मार्च, 2013	अनिर्धारित
12.	आंध्र प्रदेश	मार्च, 2013	अनिर्धारित
13.	ओडिशा	अप्रैल, 2012	500 मेगावाट
14.	बिहार	अक्टूबर, 2012	सीजीएस से विद्युत की कम उपलब्धता
15.	असम	मार्च, 2013	अनिर्धारित

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3253.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

उत्तराखंड में अवरुद्ध जल विद्युत परियोजनाएं

3253. श्री महेन्द्र सिंह माहराः
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तराखण्ड राज्य में उन सभी जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है जो माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण अवरुद्ध पड़ी थीं;

(ख) यदि हां, तो उन परियोजनाओं का नाम क्या हैं जिनका निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है;

(ग) क्या इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय, पर्यावरण मंत्रालय और जल संसाधन मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) : उपलब्ध सूचना के अनुसार, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तराखण्ड में किसी भी जल विद्युत परियोजना (25 मेगावाट और इससे अधिक) पर कार्य रोकने के लिए कोई सूचना जारी नहीं की है।

(ख) से (घ) : प्रश्न नहीं उठता।

*****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3254.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

विभिन्न राज्यों में विद्युत का असमान वितरण

3254. डा॰ नज़मा ए॰ हेपतुल्लाः
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों में मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में प्रत्येक वर्ष में और चालू वर्ष के दौरान विद्युत वितरण का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कुछ राज्य अपने निर्धारित कोटे से अधिक विद्युत प्राप्त कर रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और कारण क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाये गये हैं?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) : 31 मार्च के अनुसार केन्द्रीय उत्पादन स्टेशनों (सीजीएस) से मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों को विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के विद्युत आबंटन के ब्यौरे **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

(ख) और (ग) : विद्युत की निकासी का कार्यक्रम अग्रिम रूप में निर्धारित किया जाता है जो दिन प्रति दिन भिन्न होता है । किसी भी राज्य को विद्युत के आबंटन का कोई निर्धारित कोटा नहीं है । अप्रैल, 2012 से फरवरी, 2013 तक की अवधि के दौरान निर्धारित कार्यक्रम और राज्यों द्वारा विद्युत की निकासी के ब्यौरे **अनुबंध-II** में दिए गए हैं ।

भारत सरकार राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा विद्युत की अधिक निकासी की प्रवृति को नियंत्रित करने के लिए परामर्शक सेवाओं के साथ-साथ आर्थिक जुर्माना लगाने सहित कानूनी प्रक्रियाओं के उपयोग द्वारा आरएलडीसी, आरपीसी, सीईआरसी इत्यादि जैसी विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से कदम उठाती है ।

*****

अनुबंध-I

राज्य सभा में दिनांक 23.4.2013 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3254 के भाग(क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध ।

****

व्यस्ततम मांग के दौरान राज्यवार विद्युत आबंटन

(आंकड़े मेगावाट में)

राज्य	**31.03.2010 के अनुसार**	**31.03.2011 के अनुसार**	**31.03.2012 के अनुसार**	**31.03.2013* के अनुसार**
चंडीगढ़	163	209	204	211
दिल्ली	3543	4098	3897	4232
हरियाणा	1712	1939	1945	2224
हिमाचल प्रदेश	1120	1160	1156	1219
जम्मू कश्मीर	1732	1607	1603	1700
पंजाब	1980	2027	2045	2113
राजस्थान	2080	2257	2374	2831
उत्तर प्रदेश	5070	5420	5520	5779
उत्तराखंड	740	750	796	844
रेलवे/पावरग्रिड	102	102	102	102
गुजरात	2539	2588	2768	3368
मध्य प्रदेश	2268	2444	2553	4527
छत्तीसगढ़	551	701	805	1127
महाराष्ट्र	3433	3634	3853	6781
गोवा	453	437	444	491
दमन एवं दीव	239	155	165	319
दादर नागर हवेली	505	531	566	906
डीएई/पावरग्रिड		21	17	17
आंध्र प्रदेश	3006	2768	3306	3675
कर्नाटक	1508	1500	1672	1810
तमिलनाडु	3258	3329	3282	3766
केरल	1211	1296	1626	1633
पुडुचेरी	321	386	394	396
एनएलसी	100	100	100	100
पावरग्रिड		6	6	6
बिहार	1662	1662	1742	1802
झारखंड	551	551	526	562
डीवीसी	168	168	168	5990
ओडिशा	1544	1544	1544	1705
प. बंगाल	1225	1225	1225	1403
सिक्किम	149	149	149	150
पावरग्रिड		1	1	1.26

अरूणाचल प्रदेश	129	139	134	134
असम	821	811	721	746
मणिपुर	123	123	123	123
मेघालय	202	212	212	212
मिजोरम	66	76	74	74
नागालैंड	78	88	80	80
त्रिपुरा	110	105	105	105

*** टिप्पणी:** 31.3.2013 के आबंटन आंकड़ों में समर्पित सीएस स्टेशनों की क्षमता, मर्चेंट पावर और क्षेत्र के भीतर/बाहर स्थित अन्य स्टेशनों से आबंटित/विपथित क्षमता शामिल है । 31.3.2013 के अनुसार, डीवीसी के लिए आबंटन आंकड़ों में डीवीसी को इसके अपने उत्पादन स्टेशनों से किया गया आबंटन शामिल है, जबकि अन्य वर्षों में डीवीसी स्टेशनों से किया गया यह आबंटन शामिल नहीं किया गया है ।

****

अनुबंध-II

राज्य सभा में दिनांक 23.4.2013 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3254 के भाग(ख) एवं (ग) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध ।

****

वर्ष 2012-13(फरवरी, 2013 तक) के लिए यूआई खाता के अनुसार कार्यक्रम एवं निकासी			
	अप्रैल, 2012 से फरवरी, 2013		
राज्य/केंद्र/			(आंकड़े मि.यू. में)
प्रणाली	कार्यक्रम	निकासी	अति निकासी (+) / न्यून निकासी (-)
उत्तरी क्षेत्र	[01.04.12 से 28.02.13 तक]		
चंडीगढ़	1541.150	1513.110	-28.040
दिल्ली	17237.258	15550.840	-1686.418
हरियाणा	16251.000	17128.710	877.710
हिमाचल प्रदेश	3431.290	3372.680	-58.610
जम्मू कश्मीर	6922.350	6767.240	-155.110
पंजाब	21404.650	22256.780	852.130
राजस्थान	17128.560	18176.370	1047.810
उत्तर प्रदेश	28994.610	31365.990	2371.380
उत्तराखंड	4677.040	5215.950	538.910
पश्चिमी क्षेत्र	[01.04.12 से28.02.13 तक]		
छत्तीसगढ़	4461.520	4520.890	59.370
गुजरात	14222.920	12956.180	-1266.740
मध्य प्रदेश	21870.330	21294.320	-576.010
महाराष्ट्र	37251.150	36971.790	-279.360
दमन एवं दीव	1892.050	1848.640	-43.410
दादर नागर हवेली	4622.480	4415.030	-207.450
गोवा	2912.190	2871.390	-40.800
दक्षिणी क्षेत्र	[01.04.12 से8.02.13 तक]		
आंध्र प्रदेश	20621.547	20861.961	240.414
कर्नाटक	10007.004	9938.447	-68.557
केरल	10726.936	11613.919	886.983
तमिलनाडु	19030.475	18997.963	-32.512
पुडुचेरी	2311.373	2002.890	-308.483
पूर्वी क्षेत्र	[02.04.12 से24.02.13 तक]		
बिहार	11741.339	11296.585	-444.754
डीवीसी	-6457.074	-6194.331	262.743
झारखंड	3327.085	2913.430	-413.655
ओडिशा	5738.605	5949.556	210.951
प. बंगाल	7160.138	7268.883	108.745
सिक्किम	371.445	338.513	-32.932
पूर्वोत्तर क्षेत्र	[01.04.12 से 28.02.13 तक]		
अरूणाचल प्रदेश	500.611	523.251	22.640
असम	3833.675	3829.049	-4.626
मणिपुर	564.743	508.555	-56.188

मेघालय	794.082	806.457	12.375
मिजोरम	322.303	317.569	-4.734
नागालैंड	376.516	412.960	36.444
त्रिपुरा	249.549	211.179	-38.370

****

भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3255.
जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है ।

राज्य विद्युत सेवाओं द्वारा आर॰ पी॰ ओ॰ का कार्यान्वयन

3255. श्री दिलीपभाई पंडयाः
क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राज्यों/राज्य विद्युत सेवाओं द्वारा दायित्व की नवीकरणीय खरीद (आर॰ पी॰ ओ॰) का सख्ती से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार अपनी नाम–निदेशित एजेन्सी द्वारा राज्यों द्वारा अपने आर॰ पी॰ ओ॰ से अधिक जनित नवीकरणीय विद्युत को खरीदने का विचार रखती है; और

(ग) क्या सरकार डिसकॉम को उनके आर॰ पी॰ ओ॰ दायित्व से ऊपर प्रयोग की गयी विद्युत की मात्रा के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र (आर॰ ई॰ सी॰) प्राप्त करने हेतु योग्य बनाने पर विचार कर रही है?

उत्तर

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) : विद्युत अधिनियम, 2003 में कुशल एवं पर्यावरण के अनुकूल नीतियों और इससे जुड़े मामलों या उससे प्रासंगिक मामलों को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था है। विशेष रूप से विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86(1)(ड) में राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (एसईआरसी)/संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों (जेईआरसी) को अपने राज्यों में दायित्व प्राप्त इकाइयों के लिए नवीकरणीय क्रय दायित्व (आरपीओ) लक्ष्य निर्धारित करने का अधिदेश देता है। उक्त धारा का सार निम्नानुसार पुनःप्रस्तुत किया जाता हैः-

86(1) राज्य आयोग निम्नलिखित कार्यों को करेगाः-

"(ड) ग्रिड के साथ कनेक्टिविटी के लिए उपयुक्त उपायों को उपलब्ध करवाकर और किसी व्यक्ति को विद्युत की बिक्री कर, इस प्रकार के स्रोतों से विद्युत की खरीद करने के लिए, वितरण लाइसेंस के क्षेत्र में

विद्युत की कुल खपत का प्रतिशत को भी विनिर्दिष्ट करते हुए ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों से विद्युत के सहउत्पादन और उत्पादन को प्रोत्साहित करना,"

इस संबंध में दायित्व प्राप्त इकाइयों द्वारा आरपीओ के निगरानी अनुपालन की जिम्मेवारी संबंधित एसईआरसी/जेईआरसी और उपयुक्त सरकार राज्य सरकारों की हैं। राज्य विद्युत विनियामक आयोगों ने दण्डात्मक धाराओं को भी विनिर्दिष्ट किया है जिसे उन दायित्व प्राप्त इकाइयों के विरुद्ध लागू किया जाएगा जो विनिर्दिष्ट दायित्वों को पूरा नहीं करेंगे।

(ख) और (ग) : विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा दिनांक 06.01.2006 को अधिसूचित प्रशुल्क नीति में अन्य बातों के साथ-साथ नवीकरणीय स्रोतों से विद्युत की न्यूनतम क्रय की व्यवस्था है जिसे निम्नानुसार पुनःप्रस्तुत किया जाता हैः-

"6.4 सहउत्पादन सहित ऊर्जा उत्पादन के अपारंपरिक स्रोतः

(1) इस अधिनियम की धारा 86(1)(ड) के प्रावधानों के अनुसरण में उपयुक्त आयोग क्षेत्र में इस प्रकार के संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ऐसे स्रोतों से ऊर्जा के क्रय तथा खुदरा प्रशुल्कों के लिए न्यूनतम प्रतिशततता का निर्धारण करेगा। ऊर्जा के क्रय के लिए इस प्रकार की प्रतिशततता एसईआरसी द्वारा 01 अप्रैल, 2006 तक निर्धारित किए जाने वाले प्रशुल्कों के लिए लागू होनी चाहिए।"

तथापि, अधिनियम और नीति उपयुक्त आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम नवीकरणीय क्रय दायित्व (आरपीओ) के अधिक होने पर किसी दायित्व प्राप्त इकाई के द्वारा विद्युत के प्रापण पर कोई प्रतिबंध लागू नहीं होता है।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, उत्पादक कंपनियों पर पात्रता सीमित करने से संबंधित सीईआरसी विनियमों के विद्यमान प्रावधान आरईसी बाजार के विकास के इस चरण में पर्याप्त हैं। आयोग की यह राय है कि आरपीओ के अनुपालन का उत्तरदायित्व एसईआरसी/जेईआरसी का होने के कारण, आरईसी के लिए डिस्कॉमों की पात्रता का सत्यापन उनके आरपीओ की शक्ति के बाहर होने के कारण चुनौती बन सकती है, जिसे इस चरण में टाला जाना चाहिए।

*****